**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**02.06.2025/प्रादेशिक समाचार/19:45बजे**

**"मुख्य समाचार"**

- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर भाजपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में सोलन में निकाली तिरंगा यात्रा– सेना के शौर्य को किया नमन।
- प्रदेश भाजपा प्रवक्ता रणधीर शर्मा के अनुसार–केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर अनेक कार्यक्रम होंगे आयोजित।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के 2 हजार से अधिक नवनियुक्त वन मित्रों को नियुक्ति पत्र किए प्रदान–वन संरक्षण को बताया प्राथमिकता।
- राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने संचार मॉकड्रिल का किया आयोजन।

**जगत प्रकाश नड्डा**

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने आज सोलन में भाजपा द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना के सम्मान में आयोजित तिरंगा यात्रा में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने स्थानीय नागरिकों के साथ भारतीय सेना के वीर जवानों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। जगत प्रकाश नडडा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ऑपरेशन सिंदूर में भारत के वीर जवानों के शौर्य की गौरवगाथा को जन–जन तक पहुंचाने के लिए देश भर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि तिरंगा देश को जोड़ने के साथ–साथ हमें राष्ट्र सेवा में स्वयं को समर्पित करने के लिए प्रेरित करता है। जे.पी.नडडा ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर हिमाचल वासियों की ओर से भारतीय सेना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अभिनंदन भी किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि तिरंगा सम्मान यात्रा न केवल हमारी सैन्य शक्ति का प्रतिक है बल्कि हर भारतीय के दिल में बसने वाले देशभक्ति के जज्बे को भी उजागर करती है। इस दौरान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सह प्रभारी संजय टंडन, सांसद सुरेश कश्यप, सिकंदर कुमार और प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

**जगत प्रकाश नड्डा–2**

इस बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा की अध्यक्षता में सोलन में भाजपा कोर ग्रुप की बैठक आयोजित हुई। प्रदेश भाजपा प्रवक्ता रणधीर शर्मा ने बताया कि बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूप रेखा तैयार की गई और पार्टी द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार अपने कार्यकाल के 11 वर्ष पूर्ण कर रही है, इसे लेकर विभिन्न स्तरों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज हमीरपुर के राजकीय बहुतकनीकी संस्थान बड़ू में नवनियुक्त वन मित्रों के साथ आयोजित संवाद समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और प्रदेश के 2 हजार 61 वन मित्रों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने राजीव गांधी वन संवर्धन योजना और मुख्यमंत्री ग्रीन एडॉप्शन योजना का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनों का क्षेत्र बहुत बड़ा है और इन्हें सुरक्षित रखना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि वनों के संरक्षण के उददेश्य से प्रदेश के हर बीट में एक वन मित्र की तैनाती की योजना बनाई गई है, इससे जहां वनों की रक्षा होगी वहीं युवाओं को रोजगार भी मिल रहा है।

इस दौरान पूर्व भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश की संपदा को लुटाया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार कठिन वित्तीय स्थिति के बावजूद अर्थव्यवस्था के सुधार के लिए निरंतर कार्य कर रही है और पिछले लगभग अढ़ाई साल के कार्यकाल के दौरान सरकार ने करीब तीन हजार करोड़ का राजस्व अर्जित किया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में प्रदेश की अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत होगी।

## मुख्यमंत्री–2

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज कांगड़ा जिला के पुलिस जिला देहरा के अन्तर्गत ज्वालामुखी में सिटी पुलिस चौकी का उद्‌घाटन किया। मुख्यमंत्री ने ज्वालामुखी में नई फायर पोस्ट की आधारशिला भी रखी, जिसका निर्माण कार्य आगामी 15 माह में पूरा कर लिया जाएगा।

## कुलपति

राज्यपाल व प्रदेश विश्वविद्यालय के कुलाधिपति शिव प्रताप शुक्ल ने डॉक्टर महावीर सिंह को विश्वविद्यालय का नया कुलपति नियुक्त किया है। डॉक्टर महावीर सिंह प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला के भौतिक विज्ञान विभाग में प्रौफेसर के पद पर कार्यरत है। उनकी नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए की गई है।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

ऑपरेशन सिंदूर के तहत देश के निरंतर प्रयासों और आतंकवाद के विरूद्ध भारत के सैद्धांतिक दृढ रवैये के अनुरूप सांसदों वाले सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल अपने आउटरीच कार्यक्रम के साथ विभिन्न देशों की यात्रा पर हैं। सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद और इसके सभी रूपों को कतई बर्दाश्त न करने के भारत के सशक्त संदेश का प्रसार कर रहे हैं। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने लाइबेरिया में भारतीय समुदाय के सदस्यों से बातचीत की। इस चर्चा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने आतंकवाद और इसके सभी रूपों से मुकाबले के प्रति भारत की एकजुट राष्ट्रीय भावना और समेकित राजनीतिक इच्छा से भारतीय समुदाय के सदस्यों को अवगत करवाया। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से इस मामले में समर्थन प्राप्त हुआ। श्रीकांत शिंदे ने कहा कि चार से पांच दशकों तक आतंकवाद के विरूद्ध लडाई के बावजूद भारत अभी भी प्रौद्योगिकी में एक बडी शक्ति है।

**मॉकड्रिल**

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा आज शिमला में राज्य स्तरीय मेगा मॉक अभ्यास और मानसून मौसम की तैयारियों के परिप्रेक्ष्य में संचार मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। निदेशक व विशेष सचिव राजस्व व आपदा प्रबंधन डी.सी. राणा ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य राज्य में आपातकालीन संचार नेटवर्क की सहनशीलता, तत्परता की जांच करना और उसमें संभावित खामियों की पहचान करना था। इस संचार मॉक अभ्यास के दौरान प्रदेश के दूरदराज क्षेत्रों में वॉयस कॉल के माध्यम से संचार की स्थिरता व पहुंच की पुष्टि की गई। इस अवसर पर उपग्रह संचार उपकरणों की तकनीकी जांच भी की गई।

**यादविंदर गोमा**

आयुष मंत्री यादविंदर गोमा ने कहा है कि प्रदेश सरकार पंचायतीराज संस्थाओं को मजबूत करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है ताकि गांव स्तर पर शासन व्यवस्था को और अधिक प्रभावशाली बनाया जा सके। ये बात आज उन्होंने जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र की बंदाहू पंचायत में एक करोड़ 14 लाख रूपए की लागत से बनने वाले पंचायत सामुदायिक भवन के शिलान्यास अवसर पर कही। यादविंदर गोमा ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजेनाओं व नीतियों को लोगों तक पहुंचाने में पंचायतों की अहम भूमिका रहती है। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

**प्लास्टिक प्रतिबंध**

प्रदेश को पॉलीथीन मुक्त बनाने और राज्य के प्राकृतिक सौंदर्य को बरकरार रखने के उददेश्य से सिंगल यूज प्लास्टिक के कुछ सामानों पर प्रतिबंध लगाने के बाद एक जून 2025 से 5 सौ मिलीलीटर से कम की पीईटी पानी की बोतलों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। पर्यावरण, विज्ञान, प्रौद्योगिकी व जलवायु परिवर्तन विभाग के मुख्य वैज्ञानिक सुरेश सी. अत्री ने बताया कि शुरुआती चरण में सभी सरकारी विभागों, बोर्डों, निगमों द्वारा आयोजित की जाने वाली बैठकों, सम्मेलनों और कार्यक्रमों के साथ–साथ पर्यटन विकास निगम के होटलों व निजी होटलों में ये प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने कहा कि अब यदि कोई इन बोतलों का प्रयोग करते हुए पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और 5 सौ से लेकर 10 हजार रुपए तक जुर्माना भी वसूला जाए**गा।बाईट....सुरेश सी.अत्री.. मुख्य वैज्ञानिक अधिकारी**

**"अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"**

- ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के उपलक्ष्य पर भाजपा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व में सोलन में निकाली तिरंगा यात्रा– सेना के शौर्य को किया नमन।
- प्रदेश भाजपा प्रवक्ता रणधीर शर्मा के अनुसार–केंद्र की मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को लेकर अनेक कार्यक्रम होंगे आयोजित।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश के 2 हजार से अधिक नवनियुक्त वन मित्रों को नियुक्ति पत्र किए प्रदान–वन संरक्षण को बताया प्राथमिकता।
- राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने संचार मॉकड्रिल का किया आयोजन।